संख्या–cm-107
12/03/2024

मुख्यमंत्री ने पवित्र रमजान महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 12 मार्च 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। पूरे महीने खुदा की रहमतों की बारिश होती है। खुदा–ए–ताला की नजर में रोजेदारों की दुआयें मकबूल होती हैं। खुदा उनकी इबादत को स्वीकार करते हैं और उसके बदले तमाम आलमे इंसान पर अपनी रहमतों की बारिश फरमाते हैं। मुख्यमंत्री ने खुदा से दुआ करते हुये कहा कि खुदा तमाम रोजेदारों की दुआओं को कबूल करें और हम सबों के बीच मोहब्बत, एक दूसरे के प्रति आदर, सद्भाव और इज्जत की भावना को बढ़ायें ताकि हमलोग मिलकर देश एवं राज्य की तरक्की में योगदान दें।

******